भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1100
जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है
पीएम-जनमन के अंतर्गत सड़कें

1100. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत जनजातीय गांवों तक परिवहन-पहुंच प्रदान करने के लिए चित्तमपाडु गांव से होकर विशाखापत्तनम अराकू रोड से गुणापाडु तक सड़क के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इसकी स्थिति क्या है; और

(ख) पीएम-जनमन के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश में अब तक शुरु किए गए सड़क निर्माण कार्य का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्यत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि उन्हें प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत चित्तमपाडु गांव से विशाखापट्टनम अराकू सड़क से गुनापाडु तक कार्य के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह भी सूचित किया है कि इस सड़क के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की जा रही है।

(ख) आन्ध्र प्रदेश राज्य में पीएम-जनमन के अंतर्गत अब तक कोई कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है।

*****